Daily Current Affairs
18 May 2022

byjusexamprep.com

Table of Content

1. कान फिल्म महोत्सव 2022
2. राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) का लेह में उद्घाटन
3. भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 'चुनाव अखंडता' पर लोकतंत्र समूह का नेतृत्व
4. कोलकाता में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन
5. दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए सीआरसी की सेवाओं का उद्घाटन
6. राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद (NSAC) की चौथी बैठक का आयोजन
7. डेफलिम्पिक्स 2021 खेलों का समापन
8. "सिंधिया के साथ संवाद" पहल
9. अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

Important News: India

1. कान फिल्म महोत्सव 2022

चर्चा में क्यों:

- कान महोत्सव के उद्घाटन समारोह में रेड कार्पेट पर अभी तक के सबसे बड़े आधिकारिक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

प्रमुख बिंदु

- कान फ़िल्म महोत्सव का आयोजन 17 से 28 मई, 2022 तक फ्रांस में किया जा रहा है।
- कान फ़िल्म महोत्सव में भारत के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर द्वारा किया गया।
- फ्रांस में आयोजित इस महोत्सव में कुल 11 सदस्यों को रेड कार्पेट में अपनी उपस्थिति दर्ज करने का अवसर प्राप्त हुआ।
- भारतीय दल की और से रेड कार्पेट का नेतृत्व करने वाले पहले सदस्य का अवसर लोक कलाकार श्री मामे खान को प्राप्त हुआ।
- भारतीय प्रतिनिधिमंडल में पहली बार प्रमुख कलाकरो के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रीय सिनेमा कलाकारों को शामिल किया गया है।

सम्बंधित तथ्य

कान फ़िल्म महोत्सव क्या है?

- कान फ़िल्म महोत्सव, वर्ष 1946 में स्थापित एक वार्षिक फिल्म समारोह है
- कान फ़िल्म महोत्सव का आयोजन, फ्रांस के कान शहर किया जाता है
- कान फ़िल्म महोत्सव में दुनिया भर से डाक्यूमेंट्री सहित सभी शैलियों की नई फिल्मों की झलकियां प्रस्तुत की जाती है।

स्रोत: नवभारत टाइम्स

2. राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) का लेह में उद्घाटन

चर्चा में क्यों:

- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, संचार और रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने 17 मई 2022 को राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) केंद्र लेह, विस्तार केंद्र कारगिल और हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्रों के लिए आईटी सक्षम ऊष्मायन केंद्र का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु:

- राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT), आईईसीटी के क्षेत्र में औपचारिक तथा अनौपचारिक शिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ अद्यतन तकनीकी जानकारी के क्षेत्रों में उद्योग उन्मुखी अच्छी क्वालिटी के शिक्षण तथा प्रशिक्षण का विकास करने का कार्य करती है।
- NIELIT का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र के अनौपचारिक संस्थानों के लिए गुणवत्तापूर्ण कम्प्यूटर शिक्षण के आश्वासन का एकल स्रोत बनना है।
- अन्य उद्देश्यों के रूप में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान का उद्देश्य सूचना, इलेक्ट्रॉनिकी तथा संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी) के क्षेत्र में परीक्षा एवं प्रमाणन के लिए देश का एक प्रमुख संस्थान बनना शामिल है।

स्रोत: पीआईबी

3. भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 'चुनाव अखंडता' पर लोकतंत्र समूह का नेतृत्व

चर्चा में क्यों:

- भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 100 लोकतांत्रिक देशों के साथ साझेदारी में 'चुनाव अखंडता' पर लोकतंत्र समूह का नेतृत्व किया जायेगा।

प्रमुख बिंदु:

- 'समिट फॉर डेमोक्रेसी' के हिस्से के रूप में, भारत द्वारा 'चुनाव अखंडता पर लोकतंत्र समूह' का नेतृत्व किया जायेगा।
- नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में आयोजित बैठक में नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकार के अवर सचिव उजरा ज़ेया के नेतृत्व में चार सदस्यीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल द्वारा इसकी घोषणा की गयी है।
- इस सम्मलेन में भारत दुनिया के अन्य लोकतांत्रिक देशो के साथ अपने ज्ञान, तकनीकी विशेषज्ञता और अनुभवों को साझा करेगा।
- 'समिट फॉर डेमोक्रेसी' लोकतंत्र से संबंधित विषयों पर घटनाओं और संवादों के साथ एक साल तक चलने वाली सबसे बड़ी गतिविधियों में से एक है।

सम्बंधित तथ्य

भारतीय चुनाव आयोग

- भारतीय चुनाव आयोग, एक स्वायत्त संवैधानिक निकाय है जो भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं का संचालन करता है। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा देश में लोकसभा, राज्य सभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव भी आयोजित किये जाते है।

स्रोत: ऑल इंडिया रेडियो

Important News: State

4. कोलकाता में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन

चर्चा में क्यों:

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण-NHAI की अध्यक्ष श्रीमती अलका उपाध्याय द्वारा कोलकाता में क्षेत्रीय अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- क्षेत्रीय सम्मेलन, जानकारी, उपलब्धियों और चुनौतियों को साझा करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा और असम के क्षेत्रीय हितधारकों को एक मंच पर लाने के लिए अपनी तरह की अनूठी पहल है।
- क्षेत्रीय सम्मेलन में परियोजना की समीक्षा के अलावा, क्षेत्रीय अधिकारियों और परियोजना निदेशकों की खुली चर्चा हेतु एक 'ओपन हाउस' सत्र का भी आयोजन किया गया है।
- इस सम्मलेन का आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत किया गया तथा इसके तहत देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस तरह के और भी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

सम्बंधित तथ्य

आजादी का अमृत महोत्सव

- आजादी के अमृत महोत्सव को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 12 मार्च 2021 महात्मा गांधी दांडी यात्रा के अवसर पर शुरू किया गया था।
- आजादी के अमृत महोत्सव को शुरू करने का महत्व भारत की आजादी को 75 वर्ष पूर्ण होना है जिसके 75 सप्ताह पहले ही अमृत महोत्सव शुरू किया गया है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1988 के तहत गठित राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का उद्देश्य देश के राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास, रखरखाव और प्रबंधन करना है।

स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर

5. दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए सीआरसी की सेवाओं का उद्घाटन

चर्चा में क्यों:

- केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री, प्रतिमा भौमिक द्वारा शिलांग में वर्चुअल रूप से दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए कंपोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) की सेवाओं का उद्घाटन किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- इस कार्यक्रम का आयोजन मेघालय के शिलांग में स्थित यू सोसो थाम ऑडिटोरियम में किया गया।
- नवस्थापित सीआरसी का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराना और मेघालय राज्य में मानव संसाधन विकसित करने में सहायता प्रदान करना है।
- सीआरसी की स्थायी संरचना की स्थापना मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले के उमसावली में की जाएगी।
- सीआरसी दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन करने के साथ साथ दिव्यांगजनों की विभिन्न श्रेणियों के लिए पुनर्वास सेवाओं को पूरा करने में भी साहयता प्रदान करेगा।

स्रोत: पीआईबी

Important News: Economy

6. राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद (NSAC) की चौथी बैठक का आयोजन

चर्चा में क्यों:

- भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद (NSAC) की चौथी बैठक की अध्यक्षता की।

प्रमुख बिंदु:

- राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद (NSAC) की चौथी बैठक का आयोजन दिल्ली में किया गया।
- बैठक का प्रमुख उद्देश्य विभिन्न पहलों और कार्यक्रमों के माध्यम से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाना है।
- बैठक के दौरान पीयूष गोयल द्वारा NavIC ग्रैंड चैलेंज का भी शुभारंभ किया, जिसका मुख्य लक्ष्य NavIC को जियो-पोजिशनिंग समाधान के रूप में अपनाने को बढ़ावा देना है।
- NavIC में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को स्टार्टअप इंडिया की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा इस पहल का प्रमुख उद्देश्य उन स्टार्टअप्स के समाधानों की पहचान करना है जो NavIC सक्षम ड्रोन विकसित करने में कार्य कर रहे हैं।

सम्बंधित तथ्य

राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद (NSAC) क्या है?

- राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद का गठन भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग द्वारा किया गया है।
- इस परिषद् का प्रमुख उद्देश्य, भारत सरकार को देश में नवाचार और स्टार्टअप के पोषण के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने के लिए आवश्यक सलाह देना है।
- राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद की अध्यक्षता भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री द्वारा की जाती है तथा इस परिषद में आधिकारिक और गैर-आधिकारिक दोनों प्रकार के सदस्य को शामिल किया जाता है।

स्रोत: दा हिन्दू

Important News: Sports

7. डेफलिम्पिक्स 2021 खेलों का समापन

चर्चा में क्यों:

- 1 मई 2022 से 15 मई 2022 तक आयोजित डेफलिम्पिक्स खेलों 16 पदक जीतकर भारत ने डेफलिंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया।

प्रमुख बिंदु:

- भारत ने डेफलिम्पिक्स 2021 खेलों में भाग लेने के लिए 65 एथलीटों का चुनाव किया था।
- डेफलिम्पिक्स 2021 में भारत द्वारा अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया भारत ने डेफलिम्पिक्स 2021 में 8 स्वर्ण पदक सहित कुल 16 पदक अपने नाम किये।
- भारत ने शूटिंग में 3, बैडमिंटन में 3 तथा रेसलिंग और गोल्फ में 1-1 स्वर्ण पदक जीता।
- भारत द्वारा डेफलिम्पिक्स 2021 खेलो की कुल 11 श्रेणियों में भाग लिया गया था।
- इस वर्ष डेफलिम्पिक्स 2021 का आयोजन दक्षिणी ब्राजील के कैक्सियास डो सुल शहर के फेस्टा दा उवा मेन पवेलियन में किया गया था।
- डेफलिम्पिक्स 2021 में 72 देशों के लगभग 2,100 एथलीटों ने इस वर्ष डेफलिम्पिक्स 2021 खेलों में भाग लिया था।

सम्बंधित तथ्य

डेफलिम्पिक्स क्या है?

- डेफलिम्पिक्स बधिरों के लिए खेल की अंतर्राष्ट्रीय समिति ICSD द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल कार्यक्रम है।
- डीफ्लिम्पिक्स प्रत्येक 4 वर्ष में आयोजित किये जाते है।
- ओलंपिक खेलों के पश्चात डीफ्लिम्पिक्स सबसे पुराना बहु-खेल आयोजन है।
- डेफलिम्पिक्स को पहले बधिरों के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल कहा जाता था परन्तु
- 2001 में बधिरों के लिए अंतर्राष्ट्रीय खेल का नाम बदलकर डेफलिम्पिक्स किया गया।
- वर्ष 1924 में डेफलिम्पिक्स के पहले संस्करण का आयोजन पेरिस में किया गया था।

स्रोत: पीआईबी

Important News: Agriculture

8. “सिंधिया के साथ संवाद” पहल

चर्चा में क्यों:

- नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया ने देश भर के विभिन्न किसानों के साथ "सिंधिया के साथ संवाद" पहल के तहत किसान ड्रोन के लाभों और चुनौतियों पर विचार विमर्श किया।

प्रमुख बिंदु:

- इस वार्ता का आयोजन वर्चुअल रूप में किया गया।
- "सिंधिया के साथ संवाद" पहल का उद्देश्य किसानों को कृषि के लिए एक उपकरण के रूप में ड्रोन का उपयोग करने पर ड्रोन के लाभों से अवगत करना था।
- "सिंधिया के साथ संवाद" पहल का संचालन नागरिक उड्डयन मंत्रालय में ड्रोन डिवीजन के प्रमुख संयुक्त सचिव श्री अंबर दुबे द्वारा किया गया।
- "सिंधिया के साथ संवाद" पहल के तहत नागरिक उड्डयन मंत्री द्वारा किसानो के साथ ड्रोन से संबंधित विभिन्न सरकारी नीतियों को साझा किया और किसानो को अवगत कराया कि किसान किस प्रकार सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी विभिन्न योजनाओ का लाभ उठा सकते हैं।

स्रोत: पीआईबी

Important News: Days

9. अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

- अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 18 मई को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक वैश्विक दिवस है।
- अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद द्वारा किया जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2022 का विषय "संग्रहालय की शक्ति" है।
- अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस की शुरुआत 1977 में हुई थी और इसकी शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद द्वारा की गई थी।
- अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का मुख्य उद्देश्य संग्रहालयों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों को समाप्त करने का अवसर प्रदान करना है।

सम्बंधित तथ्य

भारत में प्रसिद्ध संग्रहालय

- राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली
- आधुनिक कला की राष्ट्रीय गैलरी, बेंगलुरु
- विक्टोरिया मेमोरियल हॉल (वीएमएच), कोलकाता
- एशियाटिक सोसाइटी, कोलकाता
- राष्ट्रीय प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (NMNH), नई दिल्ली

स्रोत: दा हिंदू